लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह, आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या/102/2017 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 21.12.2017

श्री बद्रीलाल पलोड़ निवासी 35 नीलकण्ठ कॉलोनी, प्रतापनगर, चित्तौड़गढ़

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (निर्वाचन) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

निर्णय

दिनांक 18.01.2018

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी (निर्वाचन) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 11.11.2017 को रजिस्टर्ड ड़ाक से प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 102/2017/(18.01)/1059 दिनांक 21.12.2017 से लोक सूचना अधिकारी (निर्वाचन) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को दिनांक 18.01.2018 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 18.01.2018 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

अपीलार्थी ने जरिये ड़ाक, प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपना पक्ष रखा कि उसे वांछित सूचनाएं/प्रतिलिपियां अब तक प्राप्त नहीं हुई है, अतः लोक सूचना अधिकारी से वांछित सूचनाएं/प्रतिलिपियां निः शुल्क दिलाई जावे।

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ ने अपने पत्र क्रमांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2018/49 दिनांक 18.01.2018 से कमेंट्स प्रेषित किये जो इस प्रकार हैः–

1. यह है कि प्रार्थी श्री बद्रीलाल पलोड निवासी 35 नीलकण्ठ कॉलोनी, प्रतापनगर, चित्तौड़गढ़ द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत आवेदन पत्र दिनांक 11.11.2017 को प्रस्तुत किया जो इस कार्यालय में दिनांक 13.11.2017 को प्राप्त होना सही है।
2. यह है कि प्रार्थी श्री बद्रीलाल पलोड द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र से चाही जा रही सूचना प्रभारी अधिकारी, संस्थापन अनुभाग, जिला कार्यालय चित्तौड़गढ़ से प्राप्त कर जिनके पत्रांक/स्था/प.4–1/लोसूअ/2016/99 दिनांक 16.01.2018 से प्राप्त सूचना कुल किता–04 के इस कार्यालय के पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2018/1687 दिनांक 18.01.2018 से भिजवाई जा रही है। पत्र की प्रति संलग्न है।
3. यह है कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 11.11.2017 के संबंध में सूचना आज दिनांक 18.01.2018 को रजिस्टर्ड ड़ाक द्वारा भिजवाई जा रही है जिससे इस कार्यालय स्तर से अब कोई कार्यवाही की आवश्यकता नहीं रहती है। अतः प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील पर जवाब स्वीकार कर प्रस्तुत अपील निरस्त योग्य होने से अपील को निरस्त कराने का श्रम करावें।

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील, जवाब तथा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2018/49 दिनांक 18.01.2018 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नक का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित

प्रकरण संख्या 102/2017 (सू.अ.)
श्री बद्रीलाल पलोड निवासी चित्तौडगढ़ बनाम लोक सूचना अधिकारी (निर्वाचन) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़

सूचना/प्रतिलिपियां लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2018/1687 दिनांक 18.01.2018 रजिस्टर्ड से निः शुल्क उपलब्ध कराई जा रही है किन्तु अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना उसे आवेदन प्रस्तुत करने की दिनांक से 30 दिवस के अन्दर उपलब्ध कराई जानी थी जो कि उसे उपलब्ध नहीं कराई गई है अतः भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृति न हो।

चूंकि अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना/प्रतिलिपियां निः शुल्क उपलब्ध हो जाने से अब इस प्रकरण में कोई कार्यवाही शेष नहीं रहती है। अतः अपील अपीलार्थी सारहीन होने से खारीज की जाती है।

(इन्द्रजीत सिंह)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/सरिश्ता/प्र.सं./102/2017(सू.अ.)/ दिनांकः– / /2017
प्रतिलिपिः–

1. लोक सूचना अधिकारी (निर्वाचन) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़
2. श्री बद्रीलाल पलोड निवासी 35, नीलकण्ठ कॉलोनी, एल. बी. एस. स्कूल के पास, प्रतापनगर, चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)